an>

**Title: Regarding abolition of Revised Marketing Discipline Guideline: 2015 (RMDG)**

**श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर):** सभापति महोदय, हमारी एनडीए सरकार ने गै उपभोक्ताओं को काफी सुविधाएं एवं लाभ दिए हैं और फर्जी कनेक्शन को ख किया गया है। डीबीटी योजना से सब्सिडी का पैसा सीधे उपभोक्ताओं के खाते जाना शुरू हो गया है। 'उज्ज्वला योजना' से देश के सभी गरीबों को मुफ्त कनेक्शन मिला है। डिजिटल सुविधा से गैस की कालाबाजारी खत्म हुई और गै ऑन डिमांड हो गयी।

देश में गैस उपभोक्ताओं की शिकायतों में भारी कमी आई है। मेरे संज्ञान आया है कि तेल अधिकारियों द्वारा बेवजह गैस एजेन्सी के मालिकों को तंग औ तबाह किया जाता है। गैस एजेन्सी के मालिकों का आरएमडीजी की धमकी देक शोषण किया जाता है।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि आरएमडीजी को समाप किया जाए, ताकि बेवजह गैस एजेन्सी के मालिकों को परेशानी न हो।

**माननीय सभापति**: श्री हिबी इडन – उपस्थित नहीं।

श्री जयंत सिन्हा जी।